12 hrs.

(iii) Need for Providing Training and Other Facilities to Fishermen

श्री बाबूराम परांजपे (जबलपुर) : अध्यक्ष महोदय, विश्व बैंक की योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा गैरमछुआ समुदाय के लोगों को ब्लाक-ग्राम पंचायत स्तर तक मत्स्यखेट का प्रशिक्षण देते हुए उन्हें नाव-जाल आदि उपकरण एवं आर्थिक सहयोग, तथा शासकीय जलाशयों, ग्राम पंचायत के तालाबों में मत्स्याखेट-मत्स्य-पालन हेतु नव-प्रशिक्षित लोगों के जाति समूहों को प्राथमिकता पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

नदी, तालाब, समुद्र भारत की प्राकृतिक सम्पदाएं हैं। इतिहास साक्षी है कि वैदिकयुग के पूर्व से ही निषाद, धीवर, केवट आदि मछुआ-नाविक जाति समूह मत्स्याखेट द्वारा ही अपनी आजीविका निर्वाह करते आ रहे हैं। अपने वंशानुगत स्वतंत्र मत्स्याखेट धन्धे के उपरान्त भी ये अपना आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक स्तर उन्नत नहीं कर सके। आज यह समुदाय सर्वाधिक पिछड़ा, शोषित, पीड़ित, बेरोजगारी एवं भुखमरी से जकड़ा है। पिछड़ा वर्ग आयोग इसे डिप्रेस्सड बैकवर्ड क्लास मानता है।

शासन द्वारा क्रियान्वित विश्व बैंक की गैर मछुआ समूह को प्रशिक्षण, साधन, रोजगार की प्राथमिकता प्रदान करने की योजना से ऐतिहासिक वंशानुगत मछुआ जाति समूह अब रोजगार के साधन होते हुए पूर्णतया बेरोजगारी एवं बरबादी की कगार पर खड़ा हो चुका है।

बेरोजगारी उन्मूलन की शासन द्वारा युक्त उक्त योजना ने एक नयी राष्ट्रीय समस्या उत्पन्न कर दी है।

शासन से पुरजोर मांग है कि देश में करोड़ों की आबादी वाले वंशानुगत मछुआ समुदाय को ही सर्वप्रथम प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण, उपकरण सहायता, जलाशयों में रोजगार की प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण, उपकरण सहायता, जलाशयों में रोजगार की प्राथमिकता, एकीकृत ग्रामीण विकास योजना एवं बैंकों में विशिष्ट प्रावधान रखते हुए अधिकतम एवं सुलभता से ऋण प्रदान कराते हुए योजनाबद्ध कल्याण किए जाने के निर्देश दिए जायें।

SHRI M.M. LAWRENCE (Iddukki) :

MR. SPEAKER : I have not allowed anything which is against law which is against all decency without foundation I cannot allow anything. Mind you, tomorrow somebody may say something incriminatory against you. This is very irresponsible on your part, I am not going to allow, absolutely not. Mind you, tomorrow somebody may say against you and then you will object to it..........

(*Interruptions*)**

No, absolutely not. Paper is not a gospel of truth. Until and unless you give some substantive motion against somebody......

(*Interruptions*)**

No, not allowed. Don't force my hand. Not a single word is going on record. Illegical. It is very bad on your part, I tell you.......

(*Interruptions*)**

You go to the court, not here. Until and unless some substantive motion comes. I cannot allow anything to go on record against any honourable person.........

(*Interruptions*)**

They are mis-utilising, it is very bad on their part. Very irresponsible.

(iv) Need for Black-Listing a Tea Company Involved in Tax Evasion.

श्री चन्द्रपाल शैलानी : (हाथरस) : अध्यक्ष महोदय, कलकत्ता में पश्चिम बंगाल के आयकर अधिकारियों ने एक बड़ी चाय कम्पनी के कार्यालय में छापा मार कर चाय की बिक्री व निर्यात से सम्बन्धित बीजक में कम मूल्य दिखा कर किया जाने वाला करोड़ों

**Not recorded.